# भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती

**BHARAT RATNA SARDAR VALLABH BHAI PATEL RAJKIYA ENGINEERING COLLEGE BASTI**

बांसी रोड, बस्ती (उ० प्र०), पिन- 272002

**Letter No:** RECBasti/DeanAcad./CT-1/2025-012 **Dated:** 14.11.2025

## सूचना

सत्र 2025-26 में बी०टेक तृतीय सेमेस्टर में पंजीकृत छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि यदि वह बी०टेक० प्रथम वर्ष (2024-25) की मेरिट के आधार पर शाखा परिवर्तन के इच्छुक हों, वे पूर्ण विवरण के साथ बी०टेक० प्रथम वर्ष के परीक्षाफल की स्व हस्ताक्षरित (Self Attested) प्रति तथा UPTAC-2024 के अन्तिम राउण्ड के Allotment Letter की स्व हस्ताक्षरित (Self Attested) प्रति संलग्न करते हुए दिनांक: 15.11.2025 सायं 4:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी शाखा परिवर्तन से सम्बन्धित आवेदन पत्र स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

पात्र अभ्यर्थियों का शाखा परिवर्तन उ०प्र० शासन द्वारा निर्गत अद्यतन शासनादेश, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं उ०प्र० प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रांक: ए0के0टी0यू0/परी0निं0का0/2024/शा0परि0/2286 दिनांक 10.11.2025 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किया जायेगा। शाखा परिवर्तन हेतु आर्ह होने के लिए छात्र/छात्राओं का बी०टेक० (प्रथम वर्ष शैक्षिक सत्र 2024-25) में किसी ग्रेस मार्क्स एवं कैरी पेपर के बिना प्रथम प्रयास में ही 6.5 अथवा अधिक YGPA के साथ क्लीयर पास होना आवश्यक है। जिन छात्र/छात्राओं का बी०टेक० प्रथम वर्ष शैक्षिक सत्र (2024-25) में परीक्षाफल पीसीपी (Promoted with carry paper) है, वे शाखा परिवर्तन के पात्र नहीं होंगे।

उक्त शाखा परिवर्तन हेतु ऐसे छात्र/छात्रा जिनका प्रवेश संस्थान में Lateral Entry की श्रेणी में हुआ है, वे शाखा परिवर्तन के पात्र नहीं होंगे।

यदि किसी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं आता है तो वह स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा। शाखा परिवर्तन होने के बाद छात्र/छात्रा को परिवर्तित नयी शाखा में ही अध्ययन करना होगा तथा तदनुसार परिवर्तित शाखा के अनुसार वांछित शुल्क जमा करना होगा। छात्र/छात्रा का शाखा परिवर्तन होने की दशा में पूर्व सीट पर आने का अनुरोध कदापि स्वीकार नहीं होगा।

(अधिष्ठाता शैक्षिक)
कार्यवाहक

Dean Academics
BRSVBP REC Basti,UP

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. निदेशक, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती ।
2. वित्त एवं लेखाधिकारी, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती ।
3. समस्त संकाय सदस्य, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती ।

(अधिष्ठाता शैक्षिक)
कार्यवाहक

Dean Academics
BRSVBP REC Basti,UP